मेट्रो-3 का इंटिग्रेटेड ट्रायल रन शुरू

■ **वसं, मुंबई :** इंटीग्रेटेड ट्रायल रन के उद्घाटन के लिए विशिष्ट मेहमान का समय नहीं मिलने पर मुंबईमेट्रोरेल कॉर्पोरेशन (एमएसआरसी) ने खुद ही इसकी शुरुआत कर दी है। एमएसआरसी इंटीग्रेटेड ट्रायल की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से करवाना चाहती थी। लेकिन मेट्रो-3 प्रशासन को उनका समय नहीं मिल पाया था।

एमएसआरसी मेट्रो के पहले फेज के तहत आरे से बीकेसी के बीच मई से मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। हालांकि, एमएसआरसी का मई से उक्त रूट पर मेट्रो सेवा शुरू करने का दावा पूरा होना मुश्किल लग रहा है। इसकी मुख्य वजह आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो का केवल 94.7 फीसदी काम होना है। एमएसआरसी के अनुसार, आरे से बीकेसी के बीच सिस्टम वर्क 83 प्रतिशत हुआ है, वहीं अब तक स्टेशन निर्माण का भी पूरा काम नहीं हो पाया है। ऐसे में, मई तक मेट्रो प्रशासन को ट्रायल के साथ ही बचा हुआ काम पूरा करने के लिए डबल मेहनत करनी होगी।

मेट्रो का पहला फेज 94.7% तैयार

AI Image

आरे से BKC (मेट्रो पहला फेज)

ओवरऑल वर्क	94.7 %
स्टेशन ऐंड टनल वर्क	99.2 %
ओवरऑल स्टेशन कंस्ट्रक्शन	97.5 %
सिस्टम वर्क	83 %
ट्रैक वर्क	100 %
ओसीएस वर्क	915 %